दाम को छू गए।

## विदेश में चीनी सस्ती होने के आसार

**लंदन/बीजिंग** ♦ विश्व बाजार में रॉ शुगर और व्हाइट शुगर के दाम पहले ही काफी घट चुके हैं। चीन में चीनी का बड़ा स्टॉक जमा हो जाने के बाद वहां खरीद कम होने से मूल्य में और गिरावट आने का अनुमान है। पिछले सीजन के मुकाबले चीन में चीनी का स्टॉक दोगुने से ज्यादा हो गया है। ऐसे में चालू सीजन के दौरान चीन में चीनी की खरीद कम होने की संभावना है। सरकार चीनी की सप्लाई नियंत्रित करने के लिए आयात शुल्क में बढ़ोतरी भी कर सकती है। इससे विश्व बाजार में चीनी के दाम और घट सकते हैं। पिछले 16 मई को आईसीई में रॉ शुगर के दाम करीब तीन साल के निचले स्तर 16.81 सेंट प्रति पाउंड पर रह गए थे। हालांकि बुधवार को आईसीई एक्सचेंज में जुला डिलीवरी रॉ शुगर के दाम 0.1 फीसदी बढ़कर 16.88 सेंट प्रति पाउंड हो गए। लिफ्फे एक्सचेंज में अगस्त डिलीवरी व्हाइट शुगर 0.1 फीसदी बढ़कर 475.90 डॉलर प्रति टन हो गए। **(एजेंसी)**

Business Bhaskar
23/5/2013